गङ्गा-
लहरी

गंगा-लहरी

हिन्दी काव्यानुवाद

अनुवादक

रङ्गनाथ राकेश

प्रकाशक

वागर्थ प्रतिपत्ति प्रकाशन

श्री पवहारी बाबा आश्रम,

कुर्थाग्राम, पो० हुसेनपुर

गाजीपुर–२३३००१ (उ० प्र०)

मूल्य ५-००

प्रकाशक
श्रीमती कुमुद्वती राकेश
वागर्थ प्रतिपत्ति प्रकाशन
पवहारी बाबा आश्रम,
ग्राम कुर्था, गाजीपुर—२३३००१ (उ० प्र०)

प्रथम संस्करण : : १००० प्रतियाँ : : वैशाख पूर्णिमा २०४४

मूल्य : पाँच रु०

मुद्रक
श्री ऋतशील शर्मा
परावाणी प्रेस,
चण्डी कार्यालय, अलोपीबाग मार्ग,
इलाहाबाद—२११००६

विषय-सूची

।। समर्पणम् ।।

भारतीय सांस्कृतिक रिक्थ की
पौराणिक पावनता शीतलता कल्मष-हारिता
तथा
स्पर्श-मयता एवं गत्यात्मकता
की
जीवन्त अस्मिता भगवती गंगा के
श्रेष्ठतम स्तोत्र-समाम्नाय के सर्जक पण्डित-राज
श्रीजगन्नाथ-कृत 'गङ्गा-लहरी'
का
यह छन्द-मय हिन्दी-काव्यानुवाद
मैं
श्रद्धया
ब्रह्म-लीन श्री प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती के शिष्य
अपने विद्या-गुरु श्री कल्याणमल लोढ़ा के
कराब्ज में समर्पित
करके स्वयं को
कृतार्थ समझ रहा हूँ।

श्रीकल्याणमल-कराब्जाय श्रद्धया प्रर्प्यते मया।
प्रीत्या रङ्गनाथ-राकेशेण पवहार्याश्रम-निवासिना ।।

गंगा-ध्यान

[१]

शुद्ध-स्फटिक-सङ्काशां शुक्लाम्बर-विभूषितां,
शुभ्र-मुक्ता-मयीं मालां हृदयोपरि-संस्थिताम् ।
श्वेत-पद्म-समासीनां श्वेताभरण - भूषितां,
सदा षोडश-वर्षीयां ब्रह्मादि-परिसेविताम् ॥

(पुरश्चरण-रसोल्लास)

[२]

चतुर्भुजां त्रि-नेत्रां च सर्वाभरण-भूषितां,
रत्न-कुम्भ-सिताम्भोज-वराभय-लसत्-कराम् ।
चामरैर्वीज्य-मानां च श्वेतच्छत्रोप-शोभिताम् ॥

(मेरु-तन्त्र)

[३]

रक्ताम्बरां रक्त-वर्णां मूल-कुम्भ-वराभयान्,
करैः सन्दधतीं स्मेरां कच्छपस्थां सुरादिभिः ।
सदैव सर्व-पापस्य नाशाय सु-निषेविताम् ॥

(मेरु-तन्त्र)

उत्फुल्लामल - पुण्डरीक - रुचिरा
कृष्णंश - विन्ध्यात्मिका ।
कुम्भेष्टाभय-तोयजानि दधती
श्वेताम्बरालंकृता ।
हृष्टास्या शशि - शेखराऽखिल-
नदी-शोणादिभिः सेविता ।
ध्येया पाप-विनाशिनी मकरगा
भागीरथी साधकैः ।।

(मन्त्र-महोदधि)

पुरो-वाक्

'स्तोत्रं कस्य न तुष्टये'—और वह भी अगड़-धत्त धुरन्धर, प्रतिभा-धर, कवि-आलंकारिक - तन्त्रशास्त्र-पारङ्गत पण्डित-राज श्रीजगन्नाथ-कृत स्तोत्र। बड़ी व्यथा-पगी मनः-स्थिति में पण्डित-राज ने इसकी रचना की थी, काशी (वाराणसी) के पञ्च-गङ्गा घाट पर, प्राङ्-मुख पद्मासनस्थ होकर। बाँई ओर थी नवनीत-कोमलाङ्गी प्रिया पत्नी यवनी लवङ्गी। तैलङ्ग-ब्राह्मण पण्डित-राज को वाराणसी के सनातन-पन्थी - रूढ़ि-वादी-पोंगा-पन्थी पण्डितों से बड़ी अवमानना मिली थी। यह दुर्भाग्य था वाराणसी का और संस्कृत-वाङ्मय का कि श्रीजगन्नाथ को गङ्गा ने अपने में समाहित कर लिया। 'भामिनी-विलास' में पण्डित-राज ने विरोधियों को छठी का दूध याद करा दिया है। इनके पिता श्रीमेरुभट्ट सर्व-विद्या-विशारद, अद्वितीय विद्वान् थे और माँ श्रीलक्ष्मी तो लक्ष्मी ही थीं। 'किं सेव्यते सुमनसां मनसाऽपि गन्धः कस्तूरिका जनन-शक्ति-भृतो मृगेण'—इनकी रस-गङ्गाधरोक्ति शत-प्रतिशत सही है।

पण्डित-राज जगन्नाथ की जिस प्रगाढ़ सान्द्र वेदना और आत्म-ग्लानि-मन्थिता पीड़ा-पगी मनः-स्थिति में इन पचास श्लोकों का जन्म हुआ था, उससे शोक और श्लोक का पर-स्पराश्लिष्ट स्वरूप स्वयमेव उपस्थित हो जाता है ! वाल्मीकि

में भी वही शोक ही वीज-रूपे था। मेरी शिराओं—नाड़ियों में जगन्नाथ की व्यथा-पीड़ा रुद्र-वीणा की तरह अहरह वज रही थी और सम्वत् २०४३ की मकर-संक्रान्ति पर प्रयाग के कुम्भ-पर्व में त्रिवेणी-सङ्गम में डुवकी लगाकर मैंने 'गङ्गा-लहरी' का अपना हिन्दी-काव्य-रूपान्तरण पुण्य-तोया मार्तण्ड-तनया को मानसिक रूप से समर्पित कर दिया।

सारा-का-सारा श्रेय तो त्रिभुवन-तारिणी की तरलाभ श्लोक-मयी जल-राशि को है, जिसे मैं आशैशवात् अपने गाजीपुर-स्थित पवहारी-आश्रम में रहकर अद्यावधि सुनता आया हूँ। यह भी शायद संयोग ही है कि मैं पचास वर्ष की आयु पूरी करने के वाद ही इन पचास श्लोकों का काव्य-अनुवाद कर पाया!

मेरे लिये गङ्गा सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक-धार्मिक-ऐतिहासिक-सामाजिक-पौराणिक समकालीनता-वोध की रसात्मक तरलाभ कल्लोल-लास्य-मयी स्पर्श-जाता भाव-मूर्ति रही है! शुचिता, पावनता, शीतलता, प्रवाह-मयता, अकलुषता, सन्तोष-मयता की मातृ-मयी सुपेया-सुस्पर्शा जीवन्त मूर्त अस्मिता है गङ्गा मेरे लिये। मैं उस मातृ-शक्ति को कोटिशः प्रणाम कर रहा हूँ।

श्रद्धानत

प्रयाग, १४ जनवरी, १९८७

रङ्गनाथ राकेश

पण्डित-राज श्री जगन्नाथ

कृत

गंगा-लहरी

(१)

समृद्धं सौभाग्यं सकल - वसुधायाः किमपि तन्,
महैश्वर्यं लीला-जनित-जगतः खण्ड-परशोः ।
श्रुतीनां सर्वस्वं सुकृतमथ मूर्तं सु-मनसाम्,
सुधा-सौन्दर्यं ते सलिलमशिवं नः शमयतु ॥

(२)

दरिद्राणां दैन्यं दुरितमथ दुर्वासिन - हृदाम्,
द्रुतं दूरी-कुर्वन् सकृदपि गतो दृष्टि-सरिणम् ।
अपि द्रागाविद्या-द्रुम-दलन-दीक्षा-गुरुरिह,
प्रवाहस्ते वारां श्रियमयमपारां दिशतु नः ॥

(३)

स्मृतिं याता पुंसामकृत-सुकृतानामपि च या
हरत्यन्तस्तन्द्रां तिमिरमिव चन्द्रांशु-सरणिः ।
इयं सा ते मूर्तिः सकल-सुर-संसेव्य-सलिला,
ममान्तः-सन्तापं त्रिविधमपि पापं च हरताम् ॥

(४)

तवालम्बादम्ब ! स्फुरदलघु - गर्वेण सहसा,
मया सर्वेऽवज्ञा-सरणिमथ नीताः सुर-गणाः ।
इदानीमौदास्यं भजसि यदि भागीरथि ! तदा,
निराधारो हा रोदिमि कथय केषामिह पुरः ।।

(५)

अपि प्राज्यं राज्यं तृणमिव परित्यज्य सहसा,
विलोलद् वानीरं तव जननि ! तीरं श्रित-वताम् ।
सुधातः स्वादीयः सलिलमिदमातृप्ति पिबताम्,
जनानामानन्दः परि-हसति निर्वाण-पदवीम् ।।

(६)

उदञ्चन्मात्सर्य-स्फुट - कपट - हेरम्ब - जननी,
कटाक्ष-व्याक्षेप-क्षण - जनित-संक्षोभ - निवहाः ।
भवन्तु त्वङ्गन्तो हर-शिरसि गाङ्गाः पुनरमी,
तरङ्गाः प्रोत्तुङ्गा दुरित-भर-भंगाय भजताम् ।।

(७)

प्रभाते स्नान्तीनां नृपति-रमणीनां कुच-तटी,
गतो यावन्मातर्मिलति तव तोयैर्मृग-मदः ।
मृगास्तावद् वैमानिक-शत-सहस्त्रैः परि-वृता,
विशन्ति स्वच्छन्दं विमल-वपुषो नन्दन-वनम् ।।

(८)

स्मृतं सद्यः स्वान्तं विरचयति शान्तं सकृदपि,
प्रगीतं यत्पापं झटिति भव-तापं च हरति।
इदं तद् - गङ्गेति श्रवण - रमणीयं खलु पदम्,
मम प्राण-प्रान्ते वदन-कमलान्तर्विलसतु ॥

(९)

यदन्तः खेलन्तो बहुल - तर - सन्तोष - भरिता,
न काका नाकाधीश्वर-नगर - साकांक्ष-मनसः।
निवासाल्लोकानां जनि - मरण - शोकापहरणं,
तदेतत् ते तीरं श्रम - शमन-धीरं भवतु नः ॥

(१०)

न यत् साक्षाद् वेदैरपि गलित - भेदैरवसितं,
न यस्मिन् जीवानां प्रसरति मनो-वागवसरः।
निराकारं नित्यं निज-महिम-निर्वासित-तमो,
विशुद्धं यत् तत्त्वं सुर-तटिनि ! तत्त्वं न विषयः ॥

(११)

महा - दानैर्ध्यानैः बहु - विध-वितानैरपि च यन्,
न लभ्यं घोराभिः सुविमल-तपो-राशिभिरपि।
अचिन्त्यं तद्-विष्णोः पदमखिल-साधारणतया,
ददाना केनासि त्वमिह तुलनीया कथय नः ॥

(१२)

नृणामीक्षा - मात्रादपि परि-हरन्त्या भव-भयम्,
शिवायास्ते मूर्तेः क इह बहु-मानं निगदतु ।
अमर्ष - म्लानायाः परममनुरोधं गिरि - भुवो,
विहाय श्रीकण्ठः शिरसि नियतं धारयति याम् ॥

(१३)

विनिन्द्यान्युन्मत्तैरपि च परिहार्याणि पतितैः,
अवाच्यानि व्रात्यैः स-पुलकमपास्यानि पिशुनैः ।
हरन्ती लोकानामनवरतमेनांसि कियतां,
कदाप्यश्रान्ता त्वं जगति पुनरेका विजयसे ॥

(१४)

स्खलन्ती स्वर्लोकादवनि - तल - शोकापहृतये,
जटा-जूट-ग्रन्थौ यदसि विनिबद्धा पुर - भिदा ।
अये ! निर्लोभानामपि मनसि लोभं जनयतां,
गुणानामेवायं तव जननि ! दोषो परिणतः ॥

(१५)

जडानन्धान् पंगून् प्रकृति - वधिरानुक्ति-विकलान्,
ग्रह-ग्रस्तानस्ताखिल - दुरित-निस्तार-सरणीन् ।
निलिम्पैर्निर्मुक्तानपि च निरयान्तर्निपतितो,
नरान् अम्ब ! त्रातुं त्वमिह परमं भेषजमसि ॥

(१६)

स्वभाव-स्वच्छानां सहज-शिशिराणामयमपाम्,
अपारस्ते मातः ! जयति महिमा कोऽपि जगति ।
मुदा यं गायन्ति द्यु-तलमनवद्य - द्युति - भृतः,
समासाद्याद्यापि स्फुट-पुलक-सान्द्राः सगरजाः ।।

(१७)

कृत - क्षुद्राघौघानथ झटिति सन्तप्त - मनसः,
समुद्धर्तुं सन्ति त्रिभुवन-तले तीर्थ - निवहाः ।
अपि प्रायश्चित्त - प्रसरण - पथातीत-चरितान्,
नरान् दूरीकर्तुं त्वमिव जननि ! त्वं विजयसे ।।

(१८)

निधानं धर्माणां किमपि च विधानं नव-मुदाम्,
प्रधानं तीर्थानाममल - परिधानं त्रि - जगतः ।
समाधानं बुद्धेरथ खलु तिरोधानमधियां,
श्रियामाधानं नः परि-हरतु तापं तव वपुः ।।

(१९)

पुरो धावं धावं द्रविण - मदिराऽऽघूर्णित-दृशां,
महीपानां नाना-तरुण - तर-खेदस्य नियतम् ।
ममैवायं मन्तुः स्व-हित - शत-जन्तुर्जड - धियो,
वियोगस्ते मातः ! यदिह करुणातः क्षणमपि ।।

(२०)

मरुल्लीला-लोलल्लहरि - लुलिताम्भोज-पटली-
स्खलत्-पांशु-घ्रातच्छुरण-विसरत्-कौंकुम-रुचिः ।
सुर-स्त्री-वक्षोज-क्षरदगरु - जम्बाल - जटिलम्,
जलं ते जम्बालं मम जनन - जालं जरयतु ॥

(२१)

समुत्पत्तिः पद्मा-रमण - पद-पद्मामल - नखान्,
निवासः कन्दर्प - प्रतिभट - जटाजूट - भवने ।
अथायं व्यासङ्गो हत-पतित-निस्तारण-विधौ,
न कस्मादुत्कर्षस्तव जननि ! जागर्ति जगति ॥

(२२)

नगेभ्यो यान्तीनां कथय तटिनीनां कतमया,
पुराणां संहर्तुः सुर - धुनि कपर्दोऽधि - रुरुहे ।
कया वा श्रीभर्तुः पद - कमलमक्षालि सलिलैः,
तुला-लेशो यस्यां तव जननि ! दीयेत कविभिः ॥

(२३)

विधत्तां निश्शङ्कं निरवधि - समाधि-विधिरहो,
सुखं शेषे शेतां हरिरविरतं नृत्यतु हरः ।
कृतं प्रायश्चित्तैरलमथ तपो - दान - यजनैः,
सवित्री कामानां यदि जगति जागर्ति भवती ॥

(२४)

अनाथः स्नेहार्द्रां विगलित-गतिः पुण्य-गतिदाम्,
पतन् विश्वोद्धर्त्रीं गद-विगलितः सिद्ध-भिषजम् ।
सुधा-सिन्धुं तृष्णाकुलित-हृदयो मातरमयम् ।
शिशुः सम्प्राप्तस्त्वामहमिह विदध्याः समुचितम् ॥

(२५)

विलीनो वै वैवस्वत-नगर-कोलाहल-भरो,
गता दूता दूरं क्वचिदपि परेतान् मृगयितुम् ।
विमानानां व्रातो विदलयति वीथीः दिविषदाम्,
कथा ते कल्याणी यदवधि मही-मण्डलमगात् ॥

(२६)

स्फुरत् काम-क्रोध - प्रबलतर-संजात-जटिलः,
ज्वर-ज्वाला-जाल-ज्वलित-वपुषां नः प्रति-दिनं ।
हरन्तां सन्तापं कमपि मरुदुल्लास - लहरि–
च्छटा-चञ्चत्-पाथः कण-सरणयो दिव्य-सरितः ॥

(२७)

इद हि ब्रह्माण्डं सकल - भुवनाभोग-भवनम्,
तरंगैः यस्यान्तः लुठति परितस्तिन्दुकमिव ।
स एषः श्रीकण्ठ प्रवितत जटा-जूट-जटिलो,
जलानां संघातः तव जननि ! तापं हरतु नः ॥

(२८)

त्रपन्ते तीर्थानि त्वरितमिह यस्योद्धृति-विधौ,
करं कर्णे कुर्वन्त्यपि कपालि - प्रभृतयः ।
इदं तं मामम्ब ! त्वमियमनुकम्पार्द्र - हृदये,
पुनाना सर्वेषामघ - मथन - दर्पं दलयसि ।।

(२९)

श्वपाकानां व्रातैः अमित-विचिकित्सा-विचलितैः,
विमुक्तानां एकं किल सदनमेनः परिषदाम् ।
अहो मां उद्धर्तुं जननि ! घटयन्त्या परिकरम्,
तव श्लाघां कर्तुं कथमिव समर्थो नर-पशुः ।।

(३०)

न कोऽप्येतावन्तं खलु समयमारभ्य मिलितो,
यदुद्धारादाराद् भवति जगतो विस्मय-परः ।
इतीमामोहां ते मनसि चिर-कालं स्थित-वतीम्,
अयं सम्प्राप्तोऽहं सफलयितुं अम्ब ! प्रणय नः ।।

(३१)

श्व-वृत्ति - व्यासङ्गो नियतमथ मिथ्या-प्रलपनम्,
कुतर्केष्वभ्यासः सतत - पर-पैशुन्य-मननम् ।
अपि श्रावं श्रावं मम तु पुनरेवं गुण - गणान्,
ऋते त्वत् को नामः क्षणमपि निरीक्षेत् वदनम् ।।

(४०)

कपर्दादुल्लस्य प्रणयमिलदर्धाङ्ग - युवतेः,
पुरारेः प्रेङ्खन्त्यो मृदुल-तर - सीमन्त - सरणौ ।
भवान्या सापत्न्य-स्फुरित-नयनं कोमल-रुचा,
करेणाक्षिप्तास्ते जननि ! विजयन्तां लहरयः ॥

(४१)

प्रपद्यन्ते लोकाः कति न भवतीमत्र-भवतीम्,
उपाधिः तत्रायं स्फुरति यदभीष्टं वितरसि ।
शपे तुभ्यं मातः ! मम तु पुनरात्मा सुर-धुनि,
स्वभावादेव त्वयि अमितमनुरागं विधृत-वान् ॥

(४२)

ललाटे या लोकैरिह खलु सलीलं तिलकिता,
तमो हन्तुं धत्ते तरुण-तर - मार्तण्ड-तुलनाम् ।
विलुम्पन्ती सद्यो विधि-लिखित-दुर्वर्ण-सरणिम्,
त्वदीया सा मृत्स्ना मम हरतु कृत्स्नामपि शुचम् ॥

(४३)

नरान् मूढांस्तत्तज्जन-पद-समासक्त - मनसो,
हसन्तः सोल्लासं विकच-कुसुम-व्रातमिषतः ।
पुनानाः सौरभ्यैः सतत-मलिनो नित्य-मलिनान्,
सखायो नः सन्तु त्रिदश-तटिनी तीर-तरवः ॥

(४४)

यजन्त्येके देवान् कठिन - तर - सेवांस्तदपरे,
वितान-व्यासक्ता यम-नियम-रक्ताः कतिपये ।
अहं तु त्वन्नाम - स्मरण-भृत - कामः त्रिपथगे,
जगज्जालं जाने जननि ! तृण-जालेन सदृशम् ॥

(४५)

अविश्रान्तं जन्मावधि सुकृत-कर्मार्जिन-कृताम्,
सतां श्रेयः कर्तुं कति न कृतिनः सन्ति विबुधाः ।
निरस्तालम्बानामकृत - सुकृतानां तु भवतीम्,
विनाऽमुष्मिन् लोके न परमवलोके हित-करम् ॥

(४६)

पयः पीत्वा मातः ! तव सपदि यातः सहचरैः,
विमूढैः संरन्तुं क्वचिदपि न विश्रान्तिमगमम् ।
इदानीं उत्संगे मृदु-पवन - संचार - शिशिरे,
चिरादुन्निद्रं मां सदय-हृदये ! शायय चिरम् ॥

(४७)

बधान द्रागेव द्रढिम - रमणीयं परिकरम्,
किरीटे बालेन्दुं नियमय पुनः पन्नग - गणैः ।
न कुर्याः त्वं हेलां इतर - जन - साधारणतया,
जगन्नाथस्याऽयं सुर-धुनि ! समुद्धार-समयः ॥

(३२)

विशालाभ्यामाभ्यां किमिह नयनाभ्यां खलु फलम्,
न याभ्यमालीढा परम - रमणीया तव तनुः ।
अयं हि न्यक्कारो जननि ! मनुजस्य श्रवणयोः,
ययोर्नातर्यातस्तव लहरि-लीला-कल-कलः ॥

(३३)

विमानैः स्वच्छन्दं सुर - पुरमयं ते सुकृतिनः,
पतन्ति द्राक्-पापा जननि ! नरकान्तः पर-वशाः ।
विभागोऽयं तस्मिन् नशुभ-मय मूर्तौ जन-पदे,
न यत्र त्वं लीला - दलित - मनुजाशेष-कलुषा ॥

(३४)

अपि घ्नन्तो विप्रानविरतमुशन्तो गुरु-सतीः,
पिबन्तो मैरेयं पुनरपि हरन्तश्च कनकम् ।
विहाय त्वय्यन्ते तनुमतनु-दानाध्वर-जुषाम्,
उपर्यम्ब ! क्रीडन्त्यखिल-सुर-सम्भावित-पदाः ॥

(३५)

अलभ्यं सौरभ्यं हरति सततं यः सु - मनसाम्,
क्षणादेव प्राणानपि विरह-शस्त्र-क्षत-भृताम् ।
त्वदीयानां लीला-चलित - लहरीणां व्यतिकरात्,
पुनीते सोऽपि द्रागहह पवमानस्त्रिभुवनम् ॥

(३६)

कियन्तः सन्त्येके नियतमिह लोकार्थ-घटकाः,
परे पूतात्मानः कति च परलोक - प्रणयिनः ।
सुखं शेते मातः ! तव खलु कृपातः पुनरयम्,
जगन्नाथः शश्वत्-त्वयि विहित-लोक-द्वय-भरः ।।

(३७)

भवत्या हि व्रात्याधम-पतित-पाखण्ड - परिषद्,
परित्राण-स्नेहः श्लथयितुमशक्यः खलु यथा ।
ममाप्येवं प्रेमा दुरित - निवहेष्वम्ब ! जगति,
स्वभावोऽयं सर्वैरपि खलु यतो दुष्परिहरः ।।

(३८)

प्रदोषान्तः नृत्यत् पुर-मथन - लीलोद्धृत-जटा—
तटाभोग-प्रेङ्खल्लहरि - भुज-सन्तान - विधुतिः ।
बिल-क्रोड-क्रीडज्जल - डमरु - झंकार - सुभगः,
तिरोधत्तां तापं त्रिदश-तटिनी-ताण्डव-विधिः ।।

(३९)

सदैव त्वयि एवार्पित कुशल-चिन्ता-भरमिमम्,
यदि त्वं मामम्ब ! त्यजसि समयेऽस्मिन् सु-विषमे ।
तदा विश्वासोऽयं त्रिभुवन-तलोदस्तमयते,
निराधारा चेयं भवति खलु निर्व्याज-करुणा ।।

श्री रङ्गनाथ राकेश
कृत

गंगा-लहरी

(हिन्दी-भावानुवाद)

(१)

ओ मातः, भगवति गंगे !
तुम्हारा यह पावन-प्रवहमान-पुण्योदक—
सारी-की-सारी पृथ्वी का है परम सौभाग्य।
जो अपनी लीला-मात्र से ही करते हैं यह सृष्टि,
उसी भगवान् शिव का परम ऐश्वर्य है—
तुम्हारा यह ब्रह्म-द्रव !
समस्त वेदों का है सर्वस्व-सार,
देवों का है मूर्तिमान सुमन;
तुम्हारा अमृतोपम-सुमधुर-तम यह
शीतल सुस्निग्ध सरस पुण्य-जल—
करे समूल शमन हमारे अमंगल-समूह का।

(२)

हे मातः, गङ्गे ! मात्र एक बार भी
यदि दृष्टि-पथ में कहीं आ जाए—
तुम्हारा पुण्य-प्रवाह
तो दुर्वासना और दारिद्रय हो जाते हैं—
प्रक्षालित : पापियों और दरिद्रों के ।
अविद्या-अज्ञान-वृक्ष के उत्पाटनार्थ
तुम्हारा पुष्कल-प्रखर प्रवाह है—
अप्रतिहत-उद्भट सुदृढ़ दीक्षा-गुरु ।
हे अम्बे ! हे त्रिभुवन-तारिणी गंगे !!
तुम्हारी यह वारिम्धारा प्रदान करे—
अपार-अनन्त ऐश्वर्य हमको ।

(३)

हे मातः विष्णु-पगे ! पापियों के सारे पाप-समूह
हो जाते हैं निमिष मात्र में ही विनष्ट,
ज्यों निशाकर-किरणों से होता महन तिमिर नष्ट,
तुम्हारे पवित्र सलिल का सेवन करके—
होते हैं देव-गण कृत-कृत्य और कृतार्थ,
वह तुम्हारी जल-मयी साक्षात् मूर्ति
हमारे अन्तःकरण के त्रिविध तापों को
कर दे अपसारित : जीवन बने सार्थ ।

(४८)

शरच्चन्द्र-श्वेतां शशि-शकल-श्वेताल-मुकुटाम्,
करैः कुम्भाम्भोजे वर-भय-निरासौ विदधतीम् ।
सुधा-धारा-काराभरण - वसनां शुभ्र - मकर—
स्थितां त्वां ये ध्यायन्त्युदयसि न तेषां परिभवः ॥

(४९)

दर-स्मित-समुल्लसद्-वदन - कान्ति - पूरामृतैः,
भवज्ज्वलन - भर्जिताननिशमूर्जयन्ती नरान् ।
चिदेक-मय - चन्द्रिका - चय-चमत्कृतिं तन्वती,
तनोतु मम शं तनोः सपदि शन्तनोः अङ्गना ॥

(५०)

मन्त्रैर्मीलितमौषधैः विगलितं त्रस्तं सुराणां गणैः,
स्रस्तं सान्द्र-सुधा-रसैः विदलितं गारुत्मतैः ग्रावभिः ।
वीचि-क्षालित-कालियाहित-पदे स्वर्लोक-कल्लोलिनी,
त्वं तापं तिरयाधुना मम भव-ज्वालावलीढात्मनः॥

(५१)

द्यूते नागेन्द्र-कृत्ति-प्रमथ-गण-मणि-श्रेणि-नन्दीन्दु-मुख्यम्,
सर्वस्वं हारयित्वा स्वमथ पुर-भिदि द्राक् पणी-कर्तुकामे ।
साकूतं हेम-वत्या मृदुल-हसितया वीक्षितायास्तवाम्ब,
व्यालोलोल्लासि-वल्गल्लहरि नट-घटीताण्डवं नः पुनातु॥

(५२)

विभूषिताऽनङ्ग-रिपूत्तमाङ्गा ।
सद्यः कृतानेक-जनार्ति-भङ्गा ॥
मनोहरोत्तुङ्ग-चलत्-तरङ्गा ।
गङ्गा ममाङ्गान्यमली-करोतु ॥

फल-श्रुति-श्लोकः

इमां पीयूष - लहरीं जगन्नाथेन निर्मिताम् ।
यः पठेत् तस्य सर्वत्र जायन्ते सुख-सम्पदः ॥

(९)

हे कल्मष-हारिणि, गंगे !
तुम्हारे जिस तट पर मौज से–
विहार करनेवाले कौवे भी
स्वर्ग जाने की इच्छा नहीं करते;
कल्लोल करते रहते हैं परम सन्तोष संग,
जिस तट पर रहने से हो जाता दूर–
जन्म-मरण का महा-शोक,
तुम्हारा वह तट करे अपसारित
हमारे समस्त पाप-ताप को !

(१०)

हे सुर-सरिते, गंगे !
वाणी और मन भी नहीं पहुँच पाते जहाँ
भेदों को मिटा देनेवाले वेदों को भी
न लग सकी थाह जिस तत्व की,
जो कर देता है दूर अपनी महिमा से
संसार का सारा अज्ञानान्धकार,
वही निराकार, प्रबुद्ध-शुद्ध-शाश्वत
तत्व है विद्यमान द्रवीभूत-रूपे, तुममें !
तुम हो विशुद्ध ब्रह्म-स्वरूपा, अम्बे,
न कि मात्र धावमान दृश्य जल-प्रवाह !

(११)

हे पुण्य-सलिले विष्णु-पगे !
जो अप्राप्य है निर्मल तपस्या-राशि
परम-दान, परम-ध्यान और विपुल यज्ञों से भी
उस स्पृहणीय नारायण-पद को तुम
भेद-भाव विहीन होकर करती हो प्रदान
सामान्य साधारण जन को भी।
तुम्हारी तुलना किससे की जाए ?
यह तुम्हीं बताओ, माँ गंगे !

(१२)

हे शैल-सुता-सपत्नी !
तुम्हारी कल्याण-प्रदा मूर्ति-महिमा का
वर्णन कौन कर सकता है ?
जिसके दर्शन मात्र से ही जन्म-मरण के
संख्यातीत आवागमन का भय जाता है छूट,
इसीलिए ईर्ष्या से सदा मलिन होनेवाली
भगवती पार्वती के अनुरोध से बे-परवाह,
तुम करते हो धारण अपने मस्तक पर !

(४)

हे अम्बे, गङ्गे ! तुम्हारे हो अवलम्ब पर
सभी देवताओं को किया है मैंने तिरस्कृत,
ऐसे में यदि तुमने भी मुझे किया उपेक्षित—
तो बताओ भला, कौन देगा मुझे आश्रय ?
करेगा कौन मुझे उपकृत-पुरस्कृत ?
अवलम्ब-हीन होकर मैं रोऊँ किसके समक्ष ?

(५)

ओ जननी-जह्नु-सुते ! ओ अम्बे, गंगे ! !
मोक्ष को भी अँगूठा दिखाकर करता है तिरस्कृत—
अमृतोपम सतृप्ति-दायक तुम्हारा यह जल !
विशाल-तम साम्राज्य को भी तिनके सदृश
ठुकरा देता है मनुष्य; जो मिलता है
लहलहाते खेतों से आच्छादित
तुम्हारे तीर पर तुम्हारे जलाचमन आनन्द से ।

(६)

ओ माँ गङ्गे ! हिमालय की बिटिया पार्वती के
सौतिया डाह-भरी ईर्ष्या और कपट-कटाक्ष से
तुम्हारी लोल-लहरियों में उत्पन्न होता है—
क्षोभ का आवर्त, खेल रहो हैं चंचला-सी
तुम्हारी वारि-धाराएँ काल-कूट के केशों में,
वे उत्तुंग-उत्ताल तरंगें करें नाश—
हमारे इस पाप-समूह का ।

(७)

ओ मातः ! प्रातःकाले स्नान-रता
राज-महिषियों के समोत्तुङ्ग उरोज-पिण्डों पर
अनुप्लित कस्तूरी ज्यों-ही मिलती है–
तुम्हारे जल से, तत्क्षणात्
वे कस्तूरी-धर मृग-गण परिवर्तित हो जाते हैं–
विमल—दिव्य शरीर-धारियों में, और
लाखों देवताओं से घिरे रहकर
करते हैं बिहार नन्दन-कानन में, स्वच्छन्दता से ।

(८)

हे अघ-हारिणि, गंगे !
तुम्हारा यह श्रवण-रमणीय मधुर नाम
स्मरण-मात्र से ही करता है शान्त
हृदय को ; व्याप्त होती प्रशान्ति अन्तःकरण में,
संसार के सारे शोक-ताप हो जाते दूर
हे माँ, तुम्हारा यह 'गंगा'—नाम
अन्तिम वेला में मुख-कमल-विवर से निकले ।

(१७)

हे सुर-सरि अंबे !
संसार में हैं अनेकों तीर्थ
जो छोटे-मोटे पापों का करते हैं झट
उद्धार : पश्चात्तापानल-दग्ध होने पर,
लेकिन घोर-तम पापाचरण-समूह :
जो प्रायश्चित्त से परे हैं—ऐसे भी
पापियों का उद्धार कर तुम अपना लेती हो,
हे मां ! तुम्हारी महिमा की है विजय !

(१८)

हे पुण्य-सलिले अम्बे !
तुम हो धर्म की अक्षय-निधि,
तुम हो नित्य नवलानन्द-प्रदायिनी,
तीर्थोदकों में हो प्रधान, त्रैलोक्य का हो
निर्मल आभरण, सुबुद्धि समाधान-कर्त्री हो,
श्री की हो भाण्डार, अविवेक को करती हो
तुम तिरोहित, तुम्हारा जल-मय यह
विमल वपु हमारे समस्त तापों का करे परिहार।

(१९)

धन की मदिरा से घूर्णित नेत्रोंवाले—
महीपों के आगे सदैव दौड़ता-भागता रहा हूँ मैं
नित्य-प्रति खेद से खिन्न-क्लिन्न होता हुआ,
मैं जड़-मति मूर्ख अपने शतशः स्वार्थों का—
करता रहा नाश, हे माँ !
छूटा है यदि तुम्हारी करुणा का किंचित् मात्र भी
सम्बन्ध : तो मैं ही रहा हूँ कारण, हे मातः गंगे !

(२०)

हे शान्तनु-पत्नी गंगे ! हे मातः !!
मलयानिल से उत्थित चंचल तरंगों के कारण
प्रकम्पमान कमलों के झरते हुये पराग-कणों से...
परिव्याप्त कुंकुमाभ और—
देवांगनाओं के पीन-पयोधरोत्सेधालिप्त
सुवासित अगरु के प्रक्षालित घनीभूत द्रव से
मिल कर प्रवाहित होनेवाला तुम्हारा दिव्य जल
हमारे जन्म-मरण के : जननी-जठर के
आवागमन-जाल को करे विनष्ट ।

(१३)

हे पुण्य-तोया !
जिन पापों को धिक्कारते हैं पागल भी,
पतित पुरुष भी जिनसे रहता है दूर,
संस्कार-भ्रष्ट जाति-च्युत व्रात्य भी
जिनका नामोच्चारण नहीं करता
और पर-निन्दक चुगलखोर भी करता है
त्याग जिन पापों का : ऐसे ही
गणनातीत पापों को तुम करती हो दूर
अक्लान्त-अश्रान्त भाव से, ओ परमैश्वर्य-मयी !

(१४)

हे मातः ! स्वर्ग से जब अवरोहण कर रही थी तुम
लोगों के दुःख-ताप-शोक अपहरणार्थं;
उसी समय नील-कण्ठ महादेव ने तुम्हें
गँठिया लिया अपने जटा-जूट में,
इसी दृश्य को देखने के लिये
निर्लोभी जनों के मन में भी उत्पन्न हो गया,
तुम्हारे गुणों का ही बन गया यह दोष !

(१५)

हे पुण्य-द्रव-मूर्ति ! हे अम्बे !!
जन्म से बहरे, लँगड़े, गूंगे, अंधे
और जिनके पापों के छुटकारे के
हो गए हैं सारे मार्ग अवरुद्ध;
देवता-गण भी जिनका उद्धार करने में अशक्त;
ऐसे ग्रह-गोचर-ग्रस्त नारकीय नरों के
उद्धार के लिये हो तुम सर्व-श्रेष्ठ औषधि !

(१६)

हे माँ भागीरथी !
निसर्गतः स्वच्छ तथा सहज शीतल
तुम्हारे जल की अपार वह महिमा है
अनवरत-सतत विद्यमान् इस जगत् में,
आज भी प्रसन्नातिरेक से रोमांचित होकर
साठ सहस्र सगर-तनय करते हैं—
उसी महिमा का गुण-गान स्वर्ग में भी ।

(२१)

हे भुजंगाधिपांगि गंगे !
तुम्हारी समुत्पत्ति हुई है पद्मा-रमण
भगवान् विष्णु के निर्मल-नखों से,
निवास है तुम्हारा कामारि शिव के जटा-जूट में;
इतना होने पर भी तुम्हारा अनुराग है—
सात्यन्त हीन-पतित-जनों के उद्धार में,
फिर क्यों न रहे तुम्हारी महिमा
विराजमान इस जगत् में सर्वोपरि !

(२२)

हे हिम-गिरि-सुते, मां गंगे !
हिमालय से निकली हैं और भी नदियाँ
पर तुम्हारे अतिरिक्त किसने किया है—
अधिकार कपर्दी शिव के मस्तक पर ?
किसी को क्या मिला है अधिकार
श्रीपति श्रीविष्णु कमल-चरण-प्रक्षालन का ?
भला है कौन जिसके साथ की जाये—
तुम्हारी तुलना रंच-मात्र भी ?

(२३)

हे सर्वार्थ-सिद्धि-प्रदे गंगे !
ब्रह्मा निश्चिन्त होकर निर्विकल्प समाधि में—
रहें लीन, विष्णु रहें आसीन शेष-शैय्या पर,
उमापति महेश्वर सानन्द करें ताण्डव-नृत्य,
मनुष्यों को आवश्यकता नहीं है—
तप-दान-यजन-प्रायश्चित्त की,
जब तक तुम हो विद्यमान इस जगती में
सकल-मनोरथ-पूर्ण-कामा बन कर।

(२४)

हे शरणदायिनी अम्बे !
मैं हूँ अनाथ : तुम हो स्नेह-परिपूर्णा,
मैं हूँ अवलम्ब-हीन विगलित और
तुम हो पुण्य-परिपूर्णा सद्-गति-दायिनी,
मैं हूँ पतित : तुम हो सकल-विश्वोद्धार-कर्त्री।
मैं हूँ रोग-ग्रस्त : तुम हो सिद्ध औषधि।
मैं हूँ तृष्णातुर-हृदय : तुम हो अमृत-सिन्धु,
तुम्हें जो उचित लगे करो वैसा, हे माँ !
मैं हूँ तुम्हारा शरणापन्न।

(२५)

हे मंगल-दायिनी कल्याणी !
जब से तुम्हारी कथा कल-कल कल-रव में
है गुञ्जरित पृथ्वी-तल पर, तभी से—
यम-पुरी का कोलाहल हो गया है बन्द,
यम-दूतों को मिलता नहीं कोई प्राणी पृथ्वी पर,—
अतः वे चले गये हैं दूर-दराज
जहाँ तुम्हारी कथा नहीं पहुँची है
अब तक, और
स्वर्ग-पथ-गामियों की संख्या में हुई है इतनी बढ़ोत्तरी
कि देवताओं की वीथियाँ रौंदी जा रही हैं—
विमानों के आवागमन से ।

(२६)

हे दिव्य-सरिते !
वायु के झकोरों से तुम्हारी चंचलोर्मियों
की फुहारें : स्फुरितोद्दीप्त कामाग्नि और
क्रोधानल, लोभोत्ताप से उत्पन्न—
प्रबल ज्वर की ज्वाला से सन्तप्त
अंगोंवाले हम सभी के सन्ताप को करें दूर ।

(२७)

तिन्दुक फल की तरह लुढ़क रहा है—
यह ब्रह्माण्ड : समस्त भुवनों को
उदरस्थ करनेवाली तुम्हारी तरंगों से हो ग्रावेष्ठित,
उस काल-कूट के जटा-जूट से आवद्ध
तुम्हारे जल का संघात हमारे तापों को करे दूर ।

(२८)

हे कलुष-हारिणी अम्बे !
मेरे जैसे पातकी---सारे तीर्थ सिकुड़ कर
हो जाते हैं लज्जित, भूतेश कपाली
इत्य ादि देव-गण भी कान पर रख देते हैं हथेली
और साध लेते चुप्पी,
ऐसे पापी का करुणार्द्र-हृदय से
उद्धार करती हो तुम, और
अन्य तीर्थों के पाप-हारित्व-अभिमान को
करती हो चकनाचूर ।

(२६)

हे जल-मयी साक्षात् पुण्य-मूर्ति गंगे !
श्वपच-चाण्डाल जनों ने भी विचलित हो--
परित्याग कर दिया है जिन घोर-तम पापों को,
उन्हीं सारे पापों का आचरण करता रहा मैं,
और कस ही ली है कमर तुमने
मुझ सदृश पातकी का उद्धार करने हेतु,
मैं नर-पशु पामर भला क्या खाकर—
कर सकता हूँ श्लाघा तुम्हारी प्रशंसा की
इयत्ता का, हे अम्बे !

(३०)

ओ माँ गंगे !
सृष्टि के आरम्भ से लेकर अद्यावधि
कोई भी पापी नहीं मिला ऐसा
कि जिसके उद्धार से हो जाए—
समस्त जगत विस्मयान्वित ।
तुम्हारे मन में पलनेवाली चिर-कालीन
इस इच्छा की पूर्ति हेतु ही तो मैं आया हूँ
पास तुम्हारे, हे अम्बे ! करो कृपा ।

(३१)

मैंने अपनायी है श्वान-वृत्ति
हिलाता रहा हूं दुम पेट की खातिर,
झूठ बोलता रहा सतत, गलत तर्क
करता रहा बारम्बार और
चुगलखोरी (पैशुन्य) में मन रमता रहा
लगातार, वर्जित-निषिद्ध अवगुणों को
आचरण में ढालता रहा निरन्तर,
भला कोई मेरा मुंह देख सकता है—
तुम्हारे सिवाय ? ओ मेरी माँ !

(३२)

कर्णायताक्षी बड़री आँखों का होना भी
भला किस काम का ? यदि उन आँखों ने—
तुम्हारे परम-रमणीय जल-मय शरीर का
दर्शन न किया ! ओ माँ,
मानवीय उन कानों को भी है धिक्कार
जिन्होंने नहीं सुना तुम्हारे नृत्य-गान-
चंचल लोल लहरियों की लीला कल-कल-ध्वनि ।

(३३)

पुण्य-शाली जन विमानों से करते हों स्वच्छन्दता से
स्वर्गारोहण और
पापी-जन विवश हो गिराए जाते हों
नरक में, पाप और पुण्य के दो भेद
दिखाई देते हैं उसी अशुभ जनपद में
जहाँ दलित पतित मनुजों के कलुषों को
अनायास लीला-भाव से विनष्ट करनेवाली—
तुम नहीं हो ! हे कल्मष-हारिणी अम्बे !

(३४)

जो करते हैं ब्राह्मण-हत्या,
जो अपनी गुरु-पत्नी के साथ भी
करता है व्यभिचार,
जो करता है मदिरा-पान अहरह,
अपहरण करता है कांचन; और
करता है ऐसे ही दूसरे महा-पातक,
ऐसे महा-पातकी-कृतघ्नी भी यदि
छोड़ते हैं शरीर तुम्हारे जल में—
जीवनान्ते, तो हे माँ !
सर्व-श्रेष्ठ दानों और परमोत्कृष्ट यज्ञों से
प्राप्त फल-वाले जनों से ऊपर
स्वर्ग-लोक में करते हैं वे विहार ।

(३५)

हे लोक-त्रय-शुद्धकारिणी ! हे अम्बे !!
अलभ्य पुष्पों की सुरभि को चुराता रहता है जो पवमान,
और विरह-शस्त्र से विदीर्ण प्राणियों को
कर देता है इह-लीला समाप्त क्षण मात्र में,
वही चोर और आततायी पवन तुम्हारी
कल्लोलकारिणी लीला-लास्य-मयी लहरियों के—
सम्पर्क में आने पर हो उठता है समर्थ
समस्त त्रिभुवन को पवित्रीकृत करने में,
धन्य है तुम्हारा यह प्रभाव, हे माँ !

(३६)

हे माँ त्रिपथगे ! बहुत से लोग हैं ऐसे
जो लिपटे-चिपके पड़े है लौकिक ताम-झाम में,
कुछ पूतात्मा पवित्रान्तःकरणवाले ऐसे भी हैं
जो परलोक-साधन में रत हैं (यम-नियमादि में),
पर हे अम्वे ! यह जगन्नाथ तो कर चुका है—
लोक-परलोक दोनों का ही भार न्यस्त
तुम पर, और
पांव पसार कर सोता है घोड़े वेचकर ।

(३७)

हे लोक-धात्री ! हे जगन्मातः !!
जब तुम अपने उदार-तम स्नेह-स्वभाव को
श्लथ नहीं करती रंच-मात्र भी :
उद्धारती रहती हो संस्कार-हीन (व्रात्य)—
अधम-पतित-पाखण्डी जनों को,
मैंने भी कमर कस ली है पाप-पुंजों से
प्रेम करने का; क्योंकि जन्म-जात स्वभाव
होता है अपरिपरवर्तनीय-दुरतिक्रमणीय,
सारी दुनिया जानती है इसे, ओ माँ !

(३८)

हे काल-कूट-जटा-निवासिनी माँ गंगे !
प्रदोष-वेला में नर्तमान मन्मथाधिप
की उभरी जटाओं से उझक कर——
दृश्य-माना तुम : लहरों को भुजाएँ
फैलाकर करती हो ताण्डव-नृत्य ।
शंकर के केश-संभार से प्रवहमान
तुम्हारा कल-कल-निनादित मधुर कल-रव
बजाता है जल-डमरू सडिंडिम-नादेन,
यह तुम्हारा ताल-लयाश्रित ताण्डव
नृत्य करे तिरोधान हमारे त्रिविध तापों का

(३९)

हे भगवती माँ गंगे !
मैंने तो अपने सारे योग-क्षेम का भार
सौंप दिया है तुम्हारे ऊपर, अगर
तुमने छोड़ दिया इस दुर्दिन में तो
लोक-विश्वास हो जायेगा अस्त,
और तुम्हारी निःस्वार्थ-मयी करुणा भी
हो जाएगी निराधार।

(४०)

हे पार्वती-पति-प्रिये गंगे !
आशुतोष के अर्धांग में प्रणयावेगेन संश्लिष्टा
पार्वती कोमल-तम-पेशल-सीमन्त-रेखा (माँग) में
जब तुम मौज में आकर करती हो
विहार शंकर के दक्षिण-जटा-जूट से उझक कर
तब भवानी सौतिहा-डाह से आँखें
तरेर कर——अपने कोमल करों से
ढकेलती-ठेलती-फेंकती है : बार-बार,
तुम्हारी ऐसी लहरियों की हो विजय।

(४१)

हे अम्बे ! लोग शरणापन्न होते हैं—
तुम्हारे प्रति : सकारण, स्वार्थ-वशात्,
उसका एक-मात्र कारण है कि
तुम करती हो सभी का मनोरथ पूर्ण-काम,
हे सुर-सरिते ! मैं तुम्हारी शपथ ले कहता हूँ—
कि मेरा है अमित अनुराग तुम्हारे में—
अकारण ही—सहज स्वाभाविक;
मेरी आत्मा है ओत-प्रोत तुममें, ओ माँ !

(४२)

ह हरि-हर-प्रिये ! अनायास ही तुम्हारी मृत्तिका को
जो करते हैं धारण अपने ललाट-प्रदेशे—
उनका अज्ञानान्धकार हो जाता है दूर,
तुम्हारी वह माटी प्रखर-तर मार्तण्ड-तेजोपम है।
विधाता की लिखी हुई अशुभ दुर्भाग्य-लिपि को भी
तत्क्षण मिटा देती है तुम्हारी वही मृत्तिका,
हे माँ, तुम्हारी वही माटी मेरे शोक-ताप करे दूर।

(४३)

हे माँ! अपने में आसक्त मूर्खों का
उपहास करनेवाले तुम्हारे तट-वर्ती पुष्प-मय तरु
सतत मलिन काले भौंरों को भी
करते हैं पवित्री-कृत, वे गंगा-तट-वर्ती वृक्ष-समूह
हमारे मित्र हों, हमारी मलिनता को करें दूर।

(४४)

हे अम्बे, हे मुनि-कन्ये!
कितने जन करते हैं, पूजन उन देवों का—
जो चाहते हैं कठिन-तर सेवा,
कुछ करते हैं यम-नियम-मय यज्ञ-याग;
और कुछ जन प्राणायाम-प्रत्याहार।
हे त्रिपथगे! मैं हो गया हूँ पूर्ण-काम
तुम्हारे नाम के स्मरण मात्र से ही,
जगत् का प्रपंच-जाल मेरे लिए है
बस तिनके की तरह।

(४५)

हे अम्बे! हे लोक-धात्री! निरन्तर पुण्य-रत जनों के
लिए तो हैं अनेक सुकृत देवता-गण,—
पर जिन्होंने किया है कोई भी नहीं पुण्य
ऐसे निराधार जनों का हितकारा
इस लोक में तुमसे बढ़कर तो
कोई भी नहीं है ओ मां सुर-सरि!

(४६)

हे कलि-कल्मष-क्षालिनी अंबे ! हे गंगे !!
तुम्हारा पुण्य-जल पीकर मैं विचरता रहा
मूढ़ सहचरों-दोस्त-यारों के संग,
कहीं भी नहीं मिली शान्ति, आँखों से
उड़ गयी नींद, पागल-सा भटका फिरा मैं,
अपनी गोद में ले लो, हे माँ ! मुझको—
और स्थान दे दो सदैव के लिए।
शीतल-मन्द-मृदु पवन की झालर से
थपकी देकर मुझे दो प्रशान्ति, हे माँ !

(४७)

हे नील-कण्ठ-प्रिये ! माँ गंगे !!
तुम तनिक कस कर बाँधो अपने शुभ्र फेंटे को,
कस लो जरा अपनी सु-मनोहरा क्षीण कटि को—
सर्पों की कमरधनी से,
कस लो इस द्वितीया के बाल-चन्द्र को
अपने शुभ्र किरीट में,
हे सुर-सरिते ! अपनी नारी-सुलभ सहज-बुद्धि के
कारण मत करना अवहेलना,
हे माँ ! हे भगवति अम्बे !!
समझ लो इसे जरा क्योंकि
जगन्नाथ जैसे असाधारण पतित के
उद्धार करने का समय है यह !
हे पतितोद्धारिणी अम्बे !

(४८)

तुम हो शरद-चन्द्र सी धवल-अमल,
वक्र चन्द्र है शोभित मण्डित तव मुकुटे,
चारों हाथों में हैं क्रमशः श्रीयुत
कलश, कमल, वरदान-अभय मुद्रा
अमृत-सम है धवलिम रूप तुम्हारा माँ,
श्वेत मकर पर तुम हो आसीना,
दिव्याभरण दिव्यालंकारा परिहिता तुम,
उनके पराजय का कभी भी नहीं होता उदय
जो करते हैं ध्यान तुम्हारे इस दिव्य विग्रह का।

(४९)

हे विरंचि-कमण्डलु-जाता अम्बे !
तुम किंचिद् मुस्कान-युता हो
पूर्ण-चन्द्रानना ईषद् स्मिता,
तुम्हारे मुखारविन्द की लावण्य-कान्ति
होती रहती प्रवहमान अमृत-धारा सी,
हे चिन्मयी ! हे शान्तनु-प्राण-वल्लभे !
ओ माँ गंगे! हमारे कायज तापों को
तुम कर दो दूर–करो कल्याण।

(५०)

हे काल-कूट-प्रिये गंगे ! डँस लिया है मुझे—
संसार-सर्प ने, देवता भी हैं त्रस्त
मेरी रक्षा करने में, मन्त्र हो गए हैं व्यर्थ,
दिव्य वानस्पत्यौषधियाँ गई हैं मुरझा,
सान्द्र अमृत-धारा भी हो गई बेकार,
जहर-मोहरा भी हो गया बे-असर,
हे स्वर्ग-लोक-कल्लोलिनी ! हे श्रीकृष्ण-पद-प्रक्षालिनी !
तुम भव-भुजंग-दंशन-ताप हरो, माँ !

(५१)

हे भीष्म-मातः! हे अम्बे ! हार चले जब
द्यूत-क्रीड़ा में : अपने व्याघ्राजिन को,
अपने भूत-गणों को, विष-धर-समूह को,
वृषभ-राज अपने प्रिय-तर वाहन नन्दी को,
भाल-प्रदेश के बाल-चन्द्र को, सब कुछ हार गए—
देवाधि-देव जब—केवल मात्र विचारा
शिव ने कि बाजी पर रख दूं गंगा को !
साभिप्राया मन्द-स्मिता मृदुल व्यंग्य से

ताका देवी पार्वती ने तुम्हारी ओर—
आक्रोशोद्वेगोन्मादोच्छलिता तुम
कोटि-कोटि चंचल लहरों से युत हो
करने लगी विकट ताण्डव
शिव-मस्तक पर तब,
नव-अमृत-घट धारण करनेवाला यह
रूप तुम्हारा ताण्डव-नृत्य करे हमारी रक्षा।

(५२)

अनंग-रिपु शिव के उत्तमांग मस्तक को
शोभित करनेवाली हे भगवति, त्रिपथगे, गंगे!
हे सद्यः सन्ताप-हरा दुःखी जनों की,
मनोहरा परम-लावण्य-मयी सौन्दर्य-मयी
उत्ताल-उत्तुङ्ग-चंचल तरंग-युता भगवती गंगा!
मेरे अंगों को करे अमल-धवल-विमल।

परिशिष्ट
(१)
अनुशंसा

गङ्गा भारतीय संस्कृति की विचार-धारा की अक्षय मंजूषा हैं। जिस किसी ने इस देश की संस्कृति से अपने को संसिक्त किया है, उसने गङ्गा की पीयूष-धारा में अवगाहन किया है, चाहे जल - प्रवाह में—चाहे भाव-बोध में। इसी से आदि-काल से लेकर अद्यावधि गङ्गा भारतीय कवियों की राष्ट्रीय, सामाजिक और आध्यात्मिक रचना - धर्मिता में सदैव विद्यमान रही है।

वाल्मीकि का गङ्गाष्टक, श्री कल्कि पुराण की गङ्गा-स्तुति, शङ्कराचार्य का गङ्गाष्टक एवं गङ्गा-स्तोत्र, भगीरथ की गङ्गा - स्तुति, कालिदास की गङ्गा महिमा, श्री सत्यज्ञानानन्द विरचित गङ्गाष्टक अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। गङ्गा की पावन जल-राशि ने केवल हिन्दुओं को ही आकृष्ट नहीं किया, अपितु अन्य धर्मावलंबियों को भी समान रूप से आकर्षित किया है। जयपुर के वेराम खां कृत 'गङ्गा स्तोत्र' अत्यन्त प्रभविष्णु है। अकबर के सेनापति नवाव अब्दुर्रहीम खानखाना का 'गङ्गाष्टकम्' भक्ति-रस का अपूर्व उदाहरण है। ईसाई धर्मावलंबियों और पारसीकों ने भी गङ्गा की महिमा मुक्त कण्ठ से स्वीकार की है। यही नहीं, हमारी आध्यात्मिक परम्परा में गङ्गा-ध्यान, गङ्गा-मन्त्र आदि भी महत्वपूर्ण रहे हैं।

इसी परम्परा में पण्डित-राज जगन्नाथ की 'गङ्गा-लहरी' (जिसे 'पीयूष-लहरी' भी कहते हैं) एक सर्व-मान्य उत्कृष्टतम कृति है, जिसकी रचना-भूमि के लिए अनेक किंवदंतियाँ भी प्रचलित हैं।

मेरे प्रिय विद्वान् शिष्य और साधक श्रीरङ्गनाथ राकेश ने इसी 'गंगा-लहरी' का हिन्दी में काव्यानुवाद किया है। राकेश ने केवल भाषानुवाद ही नहीं

किया वरन् पण्डित-राज की घनी भावानुभूति भी अपनी सर्जनात्मक प्रतिभा द्वारा मूर्त की है। श्रीराकेश की कारयित्री और भावयित्री प्रतिभा ने इस अनुवाद को वस्तुतः प्रभावी एवं प्रेरक बना दिया है।

पण्डित-राज जगन्नाथ तैलंग जाति के ब्राह्मण थे—'तैलंग-कुलावतंसेन पण्डित-जगन्नाथेन' (आसफ विलास)। इनका व्यक्तिगत उपनाम 'त्रिशूली' था, जो जयपुर की जनता में अब तक प्रसिद्ध है। ये सर्व - विद्या-धर थे। तत्कालीन जयपुर-नरेश मिर्जा राजा जयसिंह के कृपा-पात्र बने और उनके द्वारा मुगल सम्राट् शाहजहाँ के दरबार में पहुँचकर उनके भी। आगरे के कुलपति मिश्र इनके प्रिय शिष्य थे और उन्होंने अपने ग्रन्थ 'संग्राम-सार' में पण्डित-राज की प्रशस्ति की है—

वेद मन्त्र जुत पढ़े शील तप ऋषि वशिष्ठ सम।
अलङ्कार रस रूप अष्ट भाषा कविता क्षम॥

पण्डित-राज के अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनमें अमृत - लहरी, आसफ-विलास, करुणा-लहरी, चित्र-मीमांसा - खण्डन, जगदाभरण, गंगा-लहरी, भामिनी-विलास, मनोरमा-कुच-मर्दन, लक्ष्मी - लहरी, यमुना - वर्णन के साथ रस-गंगाधर (जो सबसे प्रौढ़ और प्रमुख काव्य - शास्त्रीय ग्रन्थ है) विख्यात है। पण्डित-राज प्रसिद्ध आचार्य अप्पय दीक्षित के समकालीन थे और उनसे अनेक बार उनका वाद-विवाद भी हुआ था।

'गंगा-लहरी' की रचना के सम्बन्ध में अनेक किंवदंतियां प्रचलित हैं। एक किंवदंती यह है कि अपनी यवन पत्नी की मृत्यु के पश्चात्, ये दिल्ली छोड़कर काशी चले गए। वहाँ पण्डितों ने दुराचरण के कारण इनका तिरस्कार किया। अपनी पत्नी के विरह और पण्डितों द्वारा तिरस्कृत होने के कारण ये अत्यन्त दुःखित हुए और 'गंगा-लहरी' की रचना करते हुए बरसाती गंगा में डूबकर अपना प्राण-विसर्जन किया। अनेक विद्वान् इस किंवदंती में विश्वास नहीं करते क्योंकि पण्डित पुरुषोत्तम शर्मा चतुर्वेदी के अनुसार

'रस-गंगाधर' 'गंगा लहरी' के बहुत पीछे रचित हुआ और इसमें स्थान-स्थान पर 'गंगा-लहरी' के श्लोक उद्धृत हैं। एक मान्यता यह भी है कि अपनी वृद्धावस्था में ये काशी चले गए। वहाँ पर अप्पय दीक्षित आदि विद्वानों द्वारा तिरस्कृत होकर ये गंगा-तट पर पंचगंगा घाट की सबसे ऊपर की सीढ़ी पर बैठ गए और उसी समय 'गंगा-लहरी' की रचना गंगा की स्तुति में की। देखते-देखते पतित-पावनी गंगा प्रत्येक श्लोक पर एक-एक सीढ़ीं चढ़ती गई और बावनवें श्लोक पर पण्डित-राज के समक्ष पहुँचकर इनकी प्रेयसी यवन-कन्या सहित इनको स्नान करा दिया। इस चमत्कार को देखकर सभी चकित हो गए।

जो भी हो, 'गंगा-लहरी' पण्डित-राज की प्रतिभा की आलोक-छाया है, जिसका काव्य एक ओर भक्ति से परिपूर्ण है, तो दूसरी ओर अपने आन्तरिक माधुर्य और वाह्य भाषा एवं भाव-प्रवाह में अत्यन्त मनोरम शंकराचार्य की 'सौन्दर्य-लहरी' सा है। पण्डित-राज के जीवन का अन्तिम समय दुःख, दारिद्रय और दैन्य में बीता था। उनका व्यक्तित्व एक ओर अगाध वैदुष्य से पूर्ण था, तो दूसरी ओर अभिमान, पर-दोष-दर्शन, उद्धत और विद्रोही स्वभाव का! 'वाचामाचार्यतायाः पदमनुभवितु कोऽस्ति धन्यो मदन्यः'—उनकी किंचित् आत्म - श्लाघा ही है। इस सबके विपरीत उनके अन्तस्तल में कहीं न कहीं करुणा का अक्षय स्रोत भी प्रवहमान था। 'भामिनी-विलास' के अनेक श्लोक उनकी आन्तरिक मनोव्यथा के प्रमाण हैं। यह भी एक मान्यता है कि जीवन के अन्तिम दिनों में वे मथुरा में निवास करने लगे।

श्री रंगनाथ राकेश ने 'गंगा-लहरी' का हिन्दी में सरस-सप्राण काव्यानुवाद कर एक अभाव की पूर्ति की है। मेरे देखने में अभी तक इस श्रेष्ठ ग्रन्थ का हिन्दी में काव्यानुवाद नहीं आया। काव्यानुवाद केवल भाषायी रूपान्तरण नहीं होता। उसमें अनुवादक की अपनी प्रतिभा और सर्जनात्मक शक्ति

प्रभूत मात्रा में होना आवश्यक है, जिससे वह कवि की मूल अनुभूति के साथ तादात्म्य करने में सक्षम हो। वस्तुतः काव्यानुवाद केवल अभिव्यक्ति-परक न होकर अनुभूति - परक होता है और इसी से अनेक आलोचकों ने उसे अनुवाद न कहकर पुनर्रचना कहा है। श्री राकेश का प्रस्तुत अनुवाद इसका पुष्ट प्रमाण है। कुछेक दृष्टान्त देखें। प्रथम श्लोक का भावान्तरण राकेश ने इस प्रकार किया है—

समृद्धं सौभाग्यं सकल-वसुधायाः किमपि तन्,
महैश्वर्यं लीलाजनितजगतः खण्डपरशोः।
श्रुतीनां सर्वस्वं सुकृतमथ मूर्तं सुमनसाम्,
सुधा सौन्दर्यं ते सलिलमशिवं न शमयतु॥

ओ मातः भगवति गंगे !
तुम्हारा यह पावन प्रवहमान पुण्योदक
सारी की सारी पृथ्वी का है परम सौभाग्य।
जो अपनी लीला मात्र से ही करते हैं यह सृष्टि,
उसी भगवान् शिव का परम ऐश्वर्य है
तुम्हारा यह ब्रह्म-द्रव
समस्त वेदों का है सर्वस्व-सार।

अन्यत्र भी—(श्लोक १६)

पुरो धावं-धावं द्रविणमदिराघूर्णितदृशाम्,
महीपानां नानातरुणतर खेदस्य नियतम्।
ममैवाऽयं मन्तुः स्वहित शतजन्तुर्जडधियो,
वियोगस्ते मातः यदि इह करुणातः क्षणमपि॥

धन की मदिरा से आपूर्णित नेत्रों वाले
महीपों के आगे सदैव दौड़ता-भागता रहा हूँ मैं

नित्य प्रति खेद से खिन्न-क्लिन्न होता हुआ
मैं जड़-मति मूर्ख अपने शतशः स्वार्थों से
करता रहा नाश, हे मां
छूटा है यदि तुम्हारी करुणा का किंचित् मात्र भी
संबंध, तो मैं ही रहा हूं कारण, हे मातः गंगे !

श्री राकेश ने ठीक ही कहा है—'पण्डित-राज जगन्नाथ की जिस प्रगाढ़ सान्द्र वेदना और आत्म-ग्लानि-मन्थिता पीड़ा-पगी मनः-स्थिति में इन पचास श्लोकों का जन्म हुआ था, उससे श्लोक और श्लोक का परस्परा-श्लिष्ट स्वरूप स्वयमेव उपस्थित हो जाता है।' अनुवादक की शिराओं-नाड़ियों में जगन्नाथ की व्यथा-पीड़ा रुद्र - वीणा की तरह अहरह बज रही थी और यही संयोग रहा कि पचास वर्ष की आयु पूर्ण करने पर वह इन पचास श्लोकों का काव्यानुवाद कर पाया। राकेश के लिए 'गंगा भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, पौराणिक सम-कालीनता-बोध की रसात्मक तरलाभ कल्लोल-लास्यमयी स्पर्श-जाता भाव-मूर्ति रही है।' (देखिये : रंगनाथ राकेश का 'पुरोवाक्')

जिस तन्मयता के साथ श्री राकेश ने यह अनुवाद किया है, वह उनके मानसिक और आध्यात्मिक धरातल का भी परिचायक है—सत्सङ्कल्प का, जो कभी अन्यथा नहीं होता। साधना की प्रज्ञा-भूमि अपनी रचना-धर्मिता में अभिव्यक्ति से अधिक आत्मिक इयत्ता और समन्वय खोजती है, जो केवल शाब्दिक न होकर स्रष्टा की मानस-भूमि पर अपना अमिट प्रभाव डालती है। महान् संत श्री पवहारी बाबा के पंचम वंशज होने के नाते श्री राकेश को जो भाव-संपदा मिली है, प्रस्तुत काव्यानुवाद में उसकी स्पष्ट छाप है। मुझे विश्वास है कि अपने ज्ञान-कोष से वे आगे भी इसी प्रकार रत्न प्रदान करते रहेंगे। उन्हें मेरा शुभाशीष।

गुरु-पूर्णिमा, १६८७ —प्रो० कल्याणमल लोढा

कलकत्ता

परिशिष्ट
(२)
पण्डित श्री रङ्गनाथ राकेश का संक्षिप्त परिचय

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले (२५°-४६` उत्तरी अक्षांश तथा ८२°-४२` पूर्वीय देशान्तर पर स्थित) के प्रेमापुर (प्राचीन नाम प्रेमाम्बु-पुर:) में शाण्डिल्य गोत्र के सामवेदीय त्रिपाठी-कुल में (कौथुमी शाखा, गोभिल गृह्य-सूत्र, विष्णु कुल-देवता, दक्षिण-शिखी, दक्ष-पाद, उपवेद गन्धर्व) स्मार्त श्रीवैष्णव-परिवार (रामानुजीय) में श्री रंगनाथ पण्डित श्यामगोहन त्रिपाठी की भार्या श्रीमती देवराजी (देवीराज्ञी) देवी की कुक्षि से सम्वत् १९९२ की वर्षा-ऋतु में श्रावण मास के कृष्ण-पक्ष की द्वितीया तिथि को पूर्व-भाद्र-पद नक्षत्र के प्रथम-पादे प्रातः-काल अरुणोदय - वेला में शुक्रवार के दिन तदनुसार अंग्रेजी तिथि १६ अगस्त, १९३५ को प्रस्तुत रचना के प्रतिभा-शाली रचयिता श्री रंगनाथ 'राकेश' का आविर्भाव हुआ।

पूर्वज श्री रामसेवक तिवारी, उनके पुत्र श्री अयोध्या तिवारी जिनके तीन पुत्र हुए—१ श्री गंगाप्रसाद तिवारी, २ श्री बलराम तिवारी और ३ श्री हरभजन तिवारी। यही हरभजन श्री पवहारी (पयाहारी) बाबा के नाम से लोक-विश्रुत हुए योगीश्वर-साधक-सन्त-दार्शनिक-रूपे। स्वामी विवेका-नन्द १८९० की जनवरी-फरवरी में पयहारी बाबा के साधना-आश्रम कुर्था (गाजीपुर) में सत्संग हेतु रहे, यह लोक-विश्रुत है। उसी पुनीत कुल में श्री रंगनाथ जी पवहारी बाबा के अग्रज गंगा बाबा की पाँचवीं पीढ़ी से सम्बद्ध हैं।

पितामह श्री राजनारायण के श्रीचरणों में 'अमर-कोश' और 'अष्टा-ध्यायी' से प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा का शुभारम्भ हुआ। कुशाग्र, श्रुति-धर मेधा थी रंगनाथ की।

गंगा-स्नानार्थ पिताश्री श्याममोहन के साथ प्रत्यूष में जाते समय गीता के कई अध्याय पाँच वर्ष की आयु में ही कण्ठस्थ कर लिये। 'अष्टाध्यायी जगन्माता, अमर-कोशो जगत्-पिता'—वाली प्राचीनतरा शैली में भी विद्यार्जन किया। प्राइमरी शिक्षा गाजीपुर के फाक्सगंज और गोरा बाजार से, मिडिल धर्मापुर से। हाई-स्कूल शिया कॉलेज जौनपुर से, इण्टर-मीडिएट सिटी इण्टर कॉलेज गाजीपुर से, बी० ए० काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से तथा एम० ए० कलकत्ता विश्वविद्यालय से। प्रोफेसर पट्टाभिराम शास्त्री, डा० गौरीनाथ शास्त्री, डा० सुकुमार सेन, प्रोफेसर कल्याणमल लोढ़ा, प्रोफेसर विष्णु-कान्त शास्त्री के सान्निध्य में विद्यार्जन। बंगला, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत—इन चारों पर अपूर्व अधिकार तथा पकड़।

हिन्दी साहित्य की कई विधाओं में प्रथित-यश प्राप्त है श्री रङ्गनाथ राकेश को। सन् १९५५-५६ से ही 'धर्मयुग', 'ज्ञानोदय'-जैसी पत्रिकाओं में कवितायें छपती रहीं। 'राष्ट्र-भारती', 'युग-चेतना', 'हिम - प्रस्थ', 'जागृति' आदि में समीक्षाएँ तथा कहानियाँ लिखते रहे। आकाशवाणी कलकत्ते से वार्त्तायें, कवितायें तथा व्यंग्य प्रसारित करते रहे। 'ज्ञानोदय' और 'ज्ञान-पीठ पत्रिका' में भी कार्य-रत रहे। 'बंगला और हिन्दी की राष्ट्रीयतावादी काव्य-धारा : १८५० से १९१४' पर शोध भी की।

भारत सरकार के गृह-मन्त्रालय के राज-भाषा-विभाग की त्रैमासिकी 'राज - भाषा भारती' का तीन वर्षों तक सम्पादन किया है। फ्रेंच, फारसी, उर्दू, गुजराती, तमिल, तेलुगु आदि भाषाओं में भी गति।

इनकी प्रकाशित कृतियाँ निम्नशः हैं—

१ महात्मा पवहारी बाबा (प्रकाशक : शक्ति प्रेस, गाजीपुर, १९५३) —अप्राप्य
२ हीरे की चोरी (प्रकाशक : हिन्द पाकेट बुक्स, दिल्ली, १९६७)
३ जलसा घर (प्रकाशक : भारतीय ज्ञान-पीठ दिल्ली, १९६७; लोकोदय ग्रन्थमाला, क्रमसंख्या ३०२ तथा ज्ञानपीठ पेपर बैक में तीन संस्करण)

४ कगार और फिसलन (प्रकाशक : शब्दकार, दिल्ली, १९६८)

५ गुल वदन (प्रकाशक : राजपाल एण्ड संस, दिल्ली १९७०, अब तक तीन संस्करण)

६ मन क्यों उदास है (प्रकाशक : राजपाल एण्ड संस, दिल्ली, १९७०)

७ प्रतिनिधि रचनायें : बुद्धदेव वसु (प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ, १९७२)

अब तक लगभग ५१० कवितायें, ५० निबन्ध, २० ललित लेख, १० शोध-पत्र, ११ कहानियाँ, ८५ समीक्षायें, १२० रेडियो वार्तायें (कलकत्ता, दिल्ली और वाराणसी केन्द्रों से), १२ कला-परक समीक्षायें, ५ ज्योतिषपरक निबन्ध छप चुके हैं। 'गंगा' मासिक में 'गंगा-लहरी' का धारावाहिक प्रकाशन तथा दिसम्बर ८७ 'सारिका' में 'बँटवारा' कहानी।

पण्डित-राज जगन्नाथ की विचक्षण रचना का सामान्य अनुवाद करना ही दुष्कर कार्य है। काव्यानुवाद का तो कहना ही क्या! इसके लिए श्री रंगनाथ को जो भी साधुवाद दिया जाए, वह अल्प ही होगा। इसकी अभूतपूर्वता को सुविज्ञ पाठक स्वयं ही हृदयंगम कर सकते हैं—इसके तन्मयतापूर्वक पठन से।

प्रयाग

—ऋतशील शर्मा

३१ दिसम्बर, १९८७

अनुवाद तो आपने बहुत देखे-पढ़े होंगे, तनिक इस अनुसृजन को पढ़ें। अनिवर्चनीय परिणाम स्वतः अनुभूत करेंगे।

मूल संस्कृत श्लोकों की प्राणात्मा हिन्दी के काव्यान्तरण में बसरा के मोती के आब की तरह झिलमिलाती नजर आएगी।

लगता है, पण्डित रङ्गनाथ राकेश पण्डितराज जगन्नाथ से एकाकार हो गए हैं। श्रद्धा की चाशनी में विगलित इस वाणी-सौन्दर्य-लहरी में। इसे मैं आद्या-शक्ति भगवती श्रीबालात्रिपुर-सुन्दरी का प्रत्यक्ष आशीर्वाद ही मानता हूँ, जो श्री रङ्गनाथ राकेश की लेखनी में पठनीय दर्शनीय है।

किमधिकम् ? इत्यलम्।

—पण्डित रमादत्त शुक्ल